Title: Need to provide financial assistance to the Government of U.P. for implementation of town development schemes in Pratapgarh Parliamentary Constituency − Laid.

श्रीमती राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़) : अध्यक्ष महोदय, 1991 के बाद यानि ग्यारह साल के दौरान अब तक मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में छोटे एवं मध्यम शहर विकास योजना की कोई स्कीम लागू नहीं की है। मेरे संसदीय क्षेत्र में कई ऐसे शहर हैं जो शहर विकास योजना की सारी औपचारिकतायें पूरा करते हैं। जबकि उत्तर प्रदेश के छोटे से शहरों को गत 10 र्वा के दौरान शहर विकास योजना के अंतर्गत लाया गया है। इस संसदीय क्षेत्र में सीवर एवं पेयजल की आपूर्ति के अभाव में कई प्रकार की बीमारी फैलती है, नालियों में गंदगी से एक ओर तो गंदगी फैलती है और दूसरी ओर मलेरिया जैसी बीमारी प्रत्येक साल होती है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इसकी जांच की जाये और राज्य सरकार और जिला प्रशासन को मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में छोटे एवं मध्यम शहर की विकास योजनाओं को लागू करने हेतु कार्यवाही करने का निर्देश दें तथा इसके लिए आवश्यक धन भी निर्गत करें।